मैं अपनी रेनबो होम सीबीसी कार्यक्रम यात्रा साझा करना चाहती हूं। हमारा तीन बहनों सहित छह लोगों का परिवार है। परिवार बड़ा होने के कारण हमें वित्तीय चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मेरी माँ एक होटल में बर्तन धोने का काम करती थीं। जीवन में एक कठिन मोड़ तब आया जब मेरे पिता का मेरे छुटपन में ही निधन हो गया। आर्थिक कठिनाइयों के कारण मेरी माँ के लिए हमें स्कूल भेजना असंभव हो गया। मैं कुछ समय अपने मामा के पास रही। फिर, हमे रेनबो होम में डाला गया। जब हमें रेनबो होम्स में भर्ती कराया गया तो मुझे और मेरी बहन को पढ़ने-लिखने की उम्मीद मिली। लॉकडाउन के कारण रेनबो होम्स से बच्चो को वापस भेजा गया और हमे ऑनलाइन कक्षा लेनी पड़ी जो बहुत मुश्किल था। हालाँकि, रेनबो सीबीसी कार्यक्रम ने सब कुछ बेहतरी से संभाला। इस कार्यक्रम के माध्यम से मुझे और मेरी बहन दोनों को काफी महयोग मिला, जिसमें मासिक राशन किट और दो साल की ट्यूशन फीस शामिल थी। रेनबो होम्स ने हमारी माँ के बोझ को काम करने में सहायता की और आवश्यक शैक्षिक सामग्री भी प्रदान की। मैं अब खुश हूं क्योंकि वर्षों की मेहनत के बाद मैं अपनी मां के साथ रह सकती हूं, जिससे हमें अपनी बहनों के साथ प्यार और खुशी के पल साझा करने का मौका मिलेगा। रेनबो होम और इसके सीबीसी कार्यक्रम ने एक ऐसा वातावरण तैयार किया जहां मैं अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़ सकती हूँ।



**कंचन दत्तात्रेय राजगुरु,**
कक्षा -10, सीबीसी प्रोग्राम चाइल्ड, रेनबो होम्स, पुणे

रेनबो साथी • RAINBOW SATHI

Voices of Parents: Hyderabad

# अच्छे भविष्य की उम्मीद और दृढ़ संकल्प

के. नंदिनी ने दो साल की उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी माँ हसली के लिए अकेले अभिभावक के रूप में परिवार का पालन-पोषण करना कठिन था। नंदिनी के कुल 3 भाई-बहन हैं। मां हसली को घर चलाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा था, तो फिर एक सोशल मोबिलाइज़र के जरिये उनका संपर्क आश्रिता रेनबो होम से हुआ।

रेनबो होम के सहयोग से नंदिनी ने 10वीं कक्षा फर्स्ट डिवीजन में पास की। उसने समुदाय आधारित देखभाल (सीबीसी) कार्यक्रम (पारिवारिक देखभाल) की मदद से बी.एससी. (एमपीसी) के लिए आगे की पढ़ाई जारी रखी। उसने गुरुकुल आवासीय डिग्री कॉलेज से फर्स्ट व सेकंड ईयर की पढ़ाई पूरी की और फर्स्ट डिवीजन हासिल किया। उसने विभिन्न जीवन कौशल सत्रों में शिरकत की और कंप्यूटर शिक्षा और अंग्रेजी बोलने के पाठ्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान सीबीसीपी के जरिये उसे अध्ययन सामग्री और खाद्य सामग्री प्राप्त होती रही। उसके स्वास्थ्य की भी नियमित जांच होती है। उसने एक नौकरी-तत्परता कार्यक्रम में भी भाग लिया है। नंदिनी को यह महसूस होता है कि सीबीसी प्रोग्राम की मदद और तमाम संस्थानों से उनकी भागीदारी की बदौलत वह अच्छी शिक्षा हासिल कर पा रही है। लक्ष्य तक पहुंचने और वांछित कौशल हासिल करने के लिए उसने कई कार्यशालाओं में भी भाग लिया है। हाल ही में उसने एनआईटी वारंगल में एक कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लिया जहां उसने 'मशीन लर्निंग', अंग्रेजी में दक्षता और योग्यता और तर्क कौशल आदि के बारे में सीखा। वह तमिलनाडु में उड़ान कार्यक्रम में भी शामिल हुई थीं। यह कार्यक्रम बाल अधिकारों, समानता और जीवन लक्ष्य निर्धारण और समाज में रचनात्मक योगदान के बारे में है।

सीबीसी कार्यक्रम ने नंदिनी और उसकी बड़ी बहन के. चंदना के जीवन को बदल दिया। दोनों बहनें उच्च शिक्षा, कौशल विकास, संवाद, भाषा की पढ़ाई कर रही हैं और एक खुशहाल व गरिमापूर्ण जीवन जी रही हैं। उनकी मां हसली का कहना है कि बच्चों के जीवन में बदलाव देखकर उन्होंने खुद को भी बदला। उन्हें सीबीसी प्रोग्राम से नियमित भोजन व पोषण मदद मिली। उनका मानना था कि इस प्रोग्राम ने उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होने में मदद दी।

रेनबो होम्स में बच्चों को बड़ा होता देख हसली ने खुशी और आभार व्यक्त किया। वह कहती हैं, "अकेली मां के रूप में मुझे अपने जीवन के शुरुआती दिनों में रेनबो होम से बहुत मदद मिली। सीबीसी कार्यक्रम के जरिये ट्यूशन फीस के रूप में वित्तीय सहायता के साथ-साथ शैक्षिक व भावनात्मक आधार भी मिला, जिससे जीवन में बोझ कम करने में मदद मिली।" रेनबो होम का परिवार आधारित देखभाल कार्यक्रम वह महत्वपूर्ण स्तंभ है जिस पर कोई भी अकेला अभिभावक बच्चों के लिए एक स्थिर और पोषित वातावरण तैयार करके अंततः उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशा और दृढ़ संकल्प की भावना को पनपाता है। (फैमिली केयर चाइल्ड के. नंदिनी से नायक निवास नगर, छत्रिनाका, हैदराबाद में मुलाकात हुई।)

**के. नंदिनी,** (अकेली मां हसली की बेटी), इंटरव्यू बाल पत्रकार **कुरुवा. मौनिका,** बीएससी (एमपीसी) अंतिम वर्ष द्वारा; आश्रिता रेनबो होम्स, समुदाय आधारित देखभाल कार्यक्रम, हैदराबाद





# A Sense Of Hope And Determination

Kethawth Nandini lost her father at the age of 2 years. It was difficult for her mother Hasli to raise the family as a single parent. Nandini has 3 siblings. Hasli had to struggle a lot to support the family, hence she connected with Asritha Rainbow through a social mobilizer.

With the support of Rainbow Homes, Nandini passed her 10th class with first division. She continued her higher studies for B.Sc. (MPC) with the support of Community Based Care Program (CBC) (Family care). She completed her 1st year and 2nd year from Gurukula Residential Degree College with 1st division. She attended various Life Skill sessions and also took computer course and spoken English course. She received study material and food material through CBCP. She gets her regular health check-ups. Now she has attended a job-readiness program. Nandin feels that with the support from CBC program and their tie-up with various institutes, she is receiving quality education. She participated in many workshops and motivational programs to achieve the desired skills and goals. Recently she attended a skill development program at NIT Warangal. There she learnt about skills on "Machine Learning", proficiency in English and aptitude and reasoning skills. She also attended a Udaan Program in Tamil Nadu, a program for young adults about child rights, equality, life goals, and creative contribution to society.

Kethawath Nandini and her elder sister K.Chandana's life changed a lot with the support of CBC Program. Both sisters are getting higher education, skill development, communication, language learning. They are leading a happy and decent life. Their mother Hasli says that she also improved herself by seeing the changes in the life of her daughters. She received regular food and nutritional support from Rainbow Community Care Program. She also feels that this program has helped her to grow as a responsible citizen.

Hasli expressed her happiness and gratitude seeing her daughters growing up at Rainbow Homes. She says, "As a single parent I got a lot of help from Asritha Rainbow Home in the early days of my life. The support provided by the community-based care program also provided significant financial assistance for tuition fees, educational and emotional support, which helped me reduce the burden in my life."

Family Based care program of Rainbow Homes is the vital pillar upon which single parents can build a stable and nurturing environment for their children, ultimately fostering a sense of hope and determination for a brighter future.

(Family Care Child - Kethawath Nandini at their residence in Nayak Niwas Nagar, Chatrinaka, Hyderabad.)

**K. Nandini,** Daughter of Hasli (single Mother), Interviewed by **Kuruva. Mounika,** Child Journalist, B.Sc. (MPC) Final Year, ASRITHA Rainbow Homes, Community Based Care Program, Hyderabad

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# CREATIVE CORNER




कुलसुम, खुशी रेनबो होम, दिल्ली

Kulsum, Khushi Rainbow home, Delhi

पूजा, किलकारी होम, दिल्ली द्वारा बनाया गया स्केच

Pooja, Kilkari Rainbow Home, Delhi





मुस्कुराहट अमन स्नेहघर के बच्चे द्वारा बनाई गई खूबसूरत पेंटिंग

A beautiful painting made by the children of Muskurahat Aman Snehghar



खुशी रेनबो होम, दिल्ली के बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल व पेंटिंग

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী



रोहिणी कुमारी, घरौंदा विकासार्थ रेनबो होम, पटना

Rohini Kumari, Gharaunda Vikasarth Rainbow home, Patna

शबीना, किलकारी होम, दिल्ली द्वारा बनाया गया पेंसिल स्केच

A Painting prepared by Shabina (a child of Kilkari Rainbow home).





मुस्कुराहट अमन स्नेहघर के बच्चे द्वारा बनाई गई खूबसूरत पेंटिंग

A painting made by the children of Muskurahat Aman Snehghar



Models prepared by Khushi Rainbow home, Delhi



खुशी रेनबो होम, दिल्ली के बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल व पेंटिंग

Model and painting made by the children of Khushi Rainbow home.

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# CREATIVE CORNER

ऋषि कुमार, मुस्कुराहट स्नेह घर

Rishi Kumar, Muskurahat Sneh ghar






रिया दास, लॉरेटो कॉवेंट एनटल्ली रेनबो होम, कोलकाता

Riya Das, Loreto Rainbow Home, Kolkata











**खुशी रेनबो होम,** दिल्ली के बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल व पेंटिंग

A beautiful model and painting prepared by the children of **Khushi Rainbow Home.**

**कामिनी खान,** लॉरेटो रेनबो होम, सियालदह, कोलकाता

**Kamini Khan,** Loreto Rainbow Home, Sealdah, Kolkata






**तनीषा कुमारी,** घरौंदा विकासार्थ रेनबो होम, पटना

**Tanisha Kumari,** Gharaunda Vikasarth Rainbow Home, Patna



**अंकित,** उमंग स्नेहघर, पटना द्वारा बनाया गया स्केच

**Ankita,** Umang Snehghar, Patna

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

Voices of Parents: Mumbai

# Now Children Will Have A Better Future

I sell lemon-chillies and roses at Andheri East Signal. We live in a open slum. My husband also works with me. We have three children. Six-year old Kartik and 7 year old Shubham study at Rainbow Home, while our daughter Gauri studies in Girls Hostel. My kids come to the centre at 11 in the morning and stay there till 6 in the evening. Since they stay at the centre, we can do our work easily. Earlier my children also used to come with me at. Now, my children also like to stay at the centre. There, they study, play, learn new things and tell us everything in the evening. I am not educated so I want my children to study and learn new things.

We don't even have voter card and aadhar card, therefore when our slum dwellings are demolished we don't even get any compensation due to lack of identity. We belong to Pardi community and do not have our permanent place to live. We live in a jhuggi basti. But police harass us a lot, neither do they allow us to earn, nor do they allow us to live peacefully in the jhuggi. But our worries have grown less after putting the children at the centre. Children will have breakfast and lunch there. Kids love the chicken biryani and poha served at the centre. Children are being given bridge course so that they can go to school and study along with all the other children. Along with studies, children are also involved in many other activities of skill development so that they can develop and grow. Children are taught to remain neat and clean, follow self-hygiene. Sanitary pads are distributed, and they are told about menstruation. There are about 50 families where we live.

My husband Shyam



“Along with studies, children are also involved in many other activities of skill development so that they can develop and grow. Children are taught to remain neat and clean, follow self-hygiene.”



Gopinath Chauhan is 34 years old. He belonged to Sholapur and came to Mumbai in 2004. He left studies after his father's death. We are happy seeing our children studying and learning. We feel that if children get educated then their future will be better and the burden of life will be reduced.

**Chanda,**
**30 years, Mother, Mumbai**



# अब सुंदर होगा बच्चों का भविष्य

मैं अंधेरी ईस्ट सिग्नल पर निम्बू-मिर्च और गुलाब बेचती हूं। हम अंधेरी ईस्ट मुंबई में झुग्गी में रहते हैं। पति भी सिग्नल पर मेरे साथ ही काम करते हैं। मेरे तीन बच्चे हैं- 6 साल का कार्तिक और 7 साल का शुभम मुंबई रेनबो होम में पढ़ रहे हैं और मेरी बेटी गौरी गर्ल्स हॉस्टल में हैं। बच्चे सवेरे 11 बजे सेंटर आ जाते हैं और शाम 6 बजे तक वहीं रहते हैं। बच्चों के सेंटर पर रहने के कारण में अपना काम आसानी से कर लेती हूं। वरना पहले मेरे बच्चें मेरे साथ ही सिग्नल पर रहते थे। सेंटर पर नहाने की भी सुविधा है लेकिन मैं बच्चों को नहलाकर ही भेजती हूं। बच्चों को भी सेंटर में रहना अच्छा लगता है। वहां वे पढ़ते हैं, खेलते हैं, नई - नई चीज़े सीखते हैं और शाम को घर पर हमें भी बताते हैं। मैं पढ़ी-लिखी नहीं हूं इसलिए मैं चाहती हूं कि मेरे बच्चें पढ़ें। हमारे पास वोटर कार्ड और आधार कार्ड भी नहीं है। इसीलिए झुग्गी तोड़ी जाती हैं तो कोई पहचान पत्र न होने की वजह से हमें मुआवज़ा भी नहीं मिलता।

हम पारदी समाज से हैं और कोई अपनी रहने की जगह नहीं है। हमने झुग्गी डाल रखी है लेकिन पुलिस वाले हमें बहुत परेशान करते हैं। न हमें सिग्नल पर काम करने देते हैं, न ही झुग्गी में रहने देते हैं। बच्चों को सेंटर में डालने के बाद मुझे अपने बच्चों की फ़िक्र नहीं रहती। बच्चें वहीं नाश्ता करते हैं, दिन का खाना भी सेंटर में ही मिलता है। बच्चों को सेंटर में मिलने वाली चिकन बिरयानी और पोहा बहुत पसंद है। बच्चों को ब्रिज कोर्स कराया जा रहा है ताकि वे स्कूल में जा कर सभी बच्चों के साथ पढ़ सके। सेंटर में बच्चों को कई तरह कि एक्टिविटीज भी कराई जाती हैं। उन्हें साफ-सफाई से रहने, मासिक धर्म आदि के बारे में जानकारी दी जाती है, और सैनिटरी पैड भी बांटे जाते हैं। हम जहां रहते हैं, वहां तकरीबन 50 घर हैं। मेरे पति श्याम गोपीनाथ चौहान 34 साल के हैं। वह शोलापुर के रहने वाले हैं लेकिन 2004 में मुंबई आ गए थे। पिता की मौत के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। हम दोनों को लगता है कि बच्चे पढ़-लिख लेंगे तो उनका भविष्य अच्छा हो जाएगा और जीवन का बोझ कम हो जाएगा।

**चंदा,** 30 वर्ष, मां, मुंबई

**People who Matter: Pune**

# Child Protection Committee

Child Protection Committee As an individual member of the committee and/or organization, we are always concerned about children. At "Rainbow Homes' ', we have not stopped only with a feeling of being concerned, but here we have moved ahead by forming a "Child Protection Committee' ', a space for every child and parent. Children are being abused and harassed, by various ways, which impacts them physically, mentally, emotionally, socially. By understanding this serious need, the committee has been formed, by including Children , Parents', Experts from other fields, so all together a space is created, where children can share their distress, incidents they are facing, and together solve the problem.

**Mona. P. More,**
**Project Manager, Don Bosco Suraksha Migrant Service**



**Chid Speaks: Pune**

# लर्निंग सेंटर ने जीवन बदला



मेरे पास आपसे साझा करने के लिए एक मेरी जीवन यात्रा है। जब मैं तीसरी कक्षा में था, तो एक स्कूल शिक्षक द्वारा मुझे रात भर कक्षा में बंद रखने की सख्त चेतावनी की वजह से मेरे मन में पढ़ाई करने का डर बैठ गया था। यह इतना भयावह था कि मैंने चार साल के लिए स्कूल जाना बिल्कुल बंद कर दिया। इसके बजाय, मैंने अपना समय तैराकी और अपने घर के पास नहर के किनारे घूमने में बिताया, और इसे अपना शौक बना लिया। हालांकि, अक्टूबर 2022 में, जब हमारे क्षेत्र में रेनबो कम्युनिटी केयर एंड लर्निंग सेंटर शुरू हुआ तो सब कुछ बदल गया। यह केंद्र नए ज्ञान, मज़ेदार खेलों और यहां तक कि हमारे पसंदीदा भोजन का स्रोत बन गया। रेनबो सेंटर की दीदी ने गतिविधियों का आयोजन किया और हमें सिखाने के लिए समय निकाला। उन्होंने उन बच्चों का एक समूह बनाया, जिनमें मैं भी शामिल था, जो बाराखड़ी पढ़ना-लिखना नहीं जानते थे और हमें पढ़ाना शुरू किया। कुछ ही दिनों में मैं बाराखड़ी पढ़ना और लिखना सीख गया। अब, मैं आत्मविश्वास से पढ़ और लिख सकता हूं, और इस वर्ष, मैंने बिना किसी असफलता के स्कूल जाने का दृढ़ संकल्प किया है। रेनबो लर्निंग सेंटर में एक बाल संगठन समूह भी है, जहां हम महीने में दो बार मिलते हैं। हम रेनबो सेंटर में विभिन्न कार्यक्रम मनाते हैं, और हम इन समारोहों की योजना बनाने और एक्सपोज़र विज़िट में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

# बाल संरक्षण समिति




समिति के एक व्यक्तिगत सदस्य के रूप में या संगठन के रूप में, हम हमेशा बच्चों के बारे में चिंतित रहते हैं। "रेनबो होम्स" में हम केवल चिंतित होने की भावना के साथ नहीं रुके हैं, बल्कि यहां हम "बाल संरक्षण समिति" बनाकर आगे बढ़े हैं, जो हर बच्चे और माता-पिता के लिए एक जगह है। बच्चों के साथ विभिन्न तरीकों से दुर्व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है, जिसका उन पर शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक रूप से प्रभाव पड़ता है। इस गंभीर आवश्यकता को समझते हुए, समिति का गठन किया गया है, जिसमें बच्चों, अभिभावकों, अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों को शामिल किया गया है, ताकि सभी मिलकर एक जगह तैयार कर सकें, जहां बच्चे अपनी परेशानी, अपने साथ होने वाली घटनाओं को साझा कर सकें और मिलकर समस्या का समाधान कर सकें।

**मोना. पी. मोरे,**
प्रोजेक्ट मैनेजर, डॉन बॉस्को सुरक्षा प्रवासी सेवा

हमारा बाल संगठन समूह हमेशा नए विचारों से भरा रहता है और यह सुनिश्चित करता है कि हमारे उत्सव सुव्यवस्थित हों। हमें ये अवसर प्रदान करने के लिए मैं रेनबो लर्निंग सेंटर का अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। इन गतिविधियों ने न केवल हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है बल्कि हमारे नेतृत्व कौशल को भी विकसित करना शुरू कर दिया है। रेनबो लर्निंग सेंटर ने वास्तव में मेरे जीवन को बदल दिया है और मुझे अपनी शिक्षा जारी रखने का साहस दिया है।

**आकाश गणेश कांबले,** हडपसर आरसीसीएलसी चाइल्ड, सीबीसी कार्यक्रम, रेनबो होम्स, पुणे

# Learning centre has transformed the life

I have an extraordinary journey to share. When I was in 3rd grade, I had a fear of studying because of a school teacher's stern warning of locking me in the classroom overnight. It was so terrifying that I stopped going to school altogether for four years. Instead, I spent my time swimming and walking along the canal near my house, making it my hobby. However, in October 2022, everything changed when the Rainbow Community Care and Learning Center started in our area. This center became a source of new knowledge, fun games, and even our favorite meals. Rainbow centre Didi organized activities and took the time to teach us. She formed a group of children, including me, who did not know how to read and write Barakhadi, and began teaching us. In a matter of days, I could read and write Barakhadi. Now, I can read and write confidently, and this year, I am determined to go to school without fail. The Rainbow Learning Center also has a Bal Sangathan group, where we meet twice a month. We celebrate various events in the learning center, and we actively participate in planning these celebrations and in exposure visits. Our Bal Sangathan group is always filled with new ideas and ensures our celebrations are well-organized. I am incredibly thankful to the Rainbow Learning Center for providing us with these opportunities. These activities have not only boosted our confidence but have also started nurturing our leadership skills. The Rainbow Learning Center has truly transformed my life and given me the courage to continue my education.

**Akash Ganesh Kamble,** **Hadapsar RCCLC Child, CBC Program, Rainbow Homes, Hadapsar Pune**

## Poems

### मां

देखो- देखो मेरी मां आई है।
आंचल में भर प्यार लाई है।
मां मेरी किसी से कम नहीं है।
अब मेरे घर में गम नही है।

मां देश का सम्मान है।
मां हमारी महान है।
मां सब से प्यारी है।
वही दुनिया हमारी है।

मां को मत करना अकेला,
क्योंकि मां ही है सपनों का मेला।
लड़की जात पराई है।
मां सबका सहारा है।
वही दुनिया हमारी है।

**रुकसार,**
कक्षा 8, ज्ञान विज्ञान
रेनबो होम, पटना





### ज़िंदगी

ज़िंदगी नहीं होती है किसी की आसान
चाहे हो जीव जंतु या इंसान
हर कदम पर रहो तुम सावधान,
क्योंकि यह दुनिया है हैवान।

फूल खिलते हैं हजार
अपना सपना करो तुम साकार।
हो जाओ तुम पिंजरों से आज़ाद
ज़िंदगी तुम रखो अपनी आबाद।

ज़िंदगी के मोड़ पर,
आएंगे आंधी तूफान।

तुम पूरा करो अपना अरमान
दी है ज़िंदगी ईश्वर ने एक बार,
इसलिए करो हमेशा ज़िंदगी से प्यार।

तुम अपना हुनर रखो जारी
एक दिन आएगी तुम्हारी भी बारी।
हर परीक्षा कर लो तुम पार
हर मुसीबत से लड़ने के लिए जो जाओ तैयार।

**शबनम परवीन,**
कक्षा 8वीं, ज्ञान विज्ञान रेनबो होम, पटना

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • ரெயின்போ சாத்தி • ରେନ୍‌ବୋ ସାଥି • রেইনবো সাথী

## सीखो

फूलों से नित हंसना सीखो,
भौंरों से नित गाना।
तरु की झुकी डालियों से नित,
सीखो शीश झुकाना।

सूरज की किरणों से सीखो,
जगना और जगाना।
लता और पेड़ो से सीखो,
सबको गले लगाना।

दीपक से सीखो जितना,
हो सके अंधेरा हरना।
पृथ्वी से सीखो प्राणी की,
सच्ची सेवा करना।

जलधारा से सीखो आगे,
जीवन-पथ में बढ़ना।
और धुंए से सीखों हरदम,
ऊँचे ही पर चढ़ना।

**इंदल कुमार,** कक्षा 9, उमंग स्नेहघर, कुम्हारर, पटना



## इंसान

क्या नहीं कर सकता इंसान
अपने अंदर जगा एक चिड़िया को।
आग बना बन जाता महान,
पृथ्वी को एक और सजाता है।
और कभी,

इसी पृथ्वी को नुकसान पहुंचाता है।
किसी के संसार को बनाता है तो,
किसी के घर को बिगाड़ता है।
किसी का बड़ा अच्छा
लेकिन दूसरों के प्रति
नहीं हो पाता सच्चा।

कोई ईमानदार का साथी,
तो कोई बेइमान और स्वार्थी।
इस दुनिया में हैं
हर तरह के इंसान।

जिनकी ऊपर से नहीं होती पहचान ।
कोई किसी पर मरता,
तो कोई किसी को मारता।
होते हैं यह मतलब इंसान,
सीखना इनकी पहचान।

**गुड़िया कुमारी,** कक्षा 10,
ज्ञान विज्ञान रेनबो होम, पटना

## Child speaks: Patna

# खेत में काम से रेनबो होम तक

जब मैं अपने घर पर रहता था तो सवेरे 5 बजे उठ कर खेलने चला जाता था और दोपहर में लौटता था। मेरी माँ मुझे खेत में जाकर घास काटने के लिए कहती थी, तो मैं खेत में चला जाता था। वहां जाकर मैं दूसरे लोगों की गाय को भी खिलाता था। वो लोग मुझे बदले में पैसे देते थे जो मैं अपनी माँ को ले जाकर दे दिया करता था। लेकिन मेरी मौसी को यह देख अच्छा नहीं लगता था। एक दिन मौसी ने सरोज मम्मा से बात की और सरोज मम्मा मुझे रेनबो होम में ले आई। शुरू में रेनबो होम आकर मुझे अच्छा नहीं लगता था क्योंकि मैं वहां पर नया बच्चा था। धीरे-धीरे मेरा मन यहां लगने लगा। मैं पढ़ाई करने लगा और मेरा स्कूल में दाखिला करा दिया गया। होम में पढ़ाई के साथ साथ बहुत सारी एक्टिविटीज भी कराई जाती हैं। मैं सब करता हूँ- जैसे कराटे, डांस और तरह-तरह के खेल खिलाये जाते हैं। यहाँ पर मुझे बहुत अच्छा लगता था और यहाँ पर मुझे कोई परेशानी नहीं है। मैं होम में बहुत खुश हूँ।

**हिमांशु,** 9वीं, उमंग स्नेह घर, कुम्हरार, पटना
मां - पुनिता, पिता - गणेश

# From work in fields to Rainbow Home

When I was at my house, I used to get up at 5 in the morning and go to play. When I used to return my mother would ask me to go to the fields and cut grass. I would go there and alongside would feed other people's cattle as well. Those people used to give me money for that, which I handed over to my mother. But my aunt did not like this. One day aunty talked to Saroj mumma and she brought me to Rainbow Home. In the beginning, I did not feel good here. But, with time, I started enjoying here. I started studying and was admitted to school. Along with studies, many activities are also conducted at home. I participate in most of them, like karate, dance and various types of games. I haven't suffered any problems here. I am very happy at Rainbow home.

**Himanshu, 9th std, Umang Sneh Ghar, Kumharar, Patna**
**Mother – Punita; Father - Ganesh**

**Voices of Parents: Kolkata**



# A life of dignity will be there

We live at New Barrackpur, bit far from Sealdah Rainbow Home. I have two children, boy Karan is 20 years and girl Joita is 13 years. My husband Ajay works as a helper in a small roadside shop. His income is not enough to run our house. He is able to earn only Rs 200-250 a day. I also lost my job during lockdown. My daughter stayed at Sealdah Rainbow Home for five years. When she came here, we felt quite good. All facilities are provided to children here. Beside food and stay, a lot of attention is given to their studies as well.

When my daughter came to Rainbow Home, she didn't know anything. After coming here, she learned to read and write. Along with studies, other activities are also conducted from time to time. Today my daughter studies in class $5^{th}$. During the lockdown, the children were sent back to their homes. Similarly, Joita also came to her home. Since then, she is with us. Rainbow Home enrolled all such students to schools so that there is no loss to their studies. Joita was also admitted to a government school near our home. Rainbow Home provides for her tuition fees and ration for us every three months. When a medical camp is organized in Sealdah Rainbow Home, all the children are called. Such camp is only for children. Even after leaving Rainbow Home, we have been getting the benefits of all the facilities provided by Rainbow Home. Whenever we are called to Rainbow Home meetings, we definitely participate. Seeing our daughter studying, we have a hope that she will do something good in her life. We dream that she lives a life full of dignity and respect.

**Kakoli Mondal,** **41 yrs, Mother, Sealdah Rainbow Home**

# होगी सम्मान भरी जिंदगी

हम न्यू बैरकपुर के रहने वाले हैं। मेरे दो बच्चे हैं लड़का करन 20 साल का है और लड़की जोइता 13 साल की है । मेरे पति अजय मंडल सड़क किनारे एक छोटी-सी दुकान में हेल्पर का काम करते हैं। उनकी कमाई इतनी नहीं है कि हम अपना घर चला सकें। दिन का 200-250 रुपये ही कमा पाते हैं। लॉकडाउन की वजह से मेरा भी काम छूट गया। घर चलाने में बहुत दिक्कत होती है। मेरी बेटी पांच साल सियालदह रेनबो होम में रही। उसे रेनबो होम भेजना हमें बहुत अच्छा लगा। वहां बच्चों को सभी सुविधाएं मिलती हैं। उनके खाने-पीने से लेकर उनके रहने की सुविधा और पढ़ाई पर बहुत ध्यान दिया जाता है।

मेरी बेटी जब रेनबो होम आई तो उसे कुछ नही आता था। होम में आने के बाद उसने पढ़ना-लिखना सीखा। होम में पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी कराई जाती हैं। आज मेरी बेटी पाँचवी में पढ़ती है। लॉकडाउन के समय बच्चों को उनके घर वापस भेज दिया गया था। जोइता भी अपने घर आ गई थी। तब से वह हमारे साथ ही है। रेनबो होम की तरफ से बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया ताकी उनकी पढ़ाई में कोई नुकसान न हो। जोइता का भी रेनबो होम की मदद से घर के नजदीक सरकारी स्कूल में दाखिला कराया गया। रेनबो होम की तरफ से ट्यूशन फीस और हर तीन महीने में राशन भी दिया जाता है। जब सियालदाह रेनबो होम में मेडिकल कैंप लगता है तो सभी बच्चों को बुलाया जाता है। यह कैंप सिर्फ बच्चों के लिए ही होता है। बच्चे के घर पर ही रहने पर भी हमें रेनबो होम की तरफ से सभी सुविधाओं का लाभ मिलता रहता है। जब हमें रेनबो होम की मीटिंग में बुलाया जाता है तो हम ज़रूर जातें हैं। आज मेरी बेटी रेनबो होम की मदद से ही पढ़ रही है। उसे पढ़ता देख एक उम्मीद होती है कि वह पढ़ लिख कर अपने जीवन में कुछ करेगी। हम चाहते हैं कि वह अपना जीवन पूरी गरिमा और सम्मान के साथ जिए।

**काकोली मंडल,** 41 वर्ष, मां, सियालदह रेनबो होम

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# Kids will educate and grow

We live in a slum in Sovabazar, Ahiritola, Kolkata Railway Colony. I have six children- Payal 17 years, Ajay 15, Piya 13, Priyanka 11, Vijay 9 and Roshni 5 years old. My three elder daughters used to stay at Rainbow Home. Now two girls are at Rainbow Home- Piya is studying in class 7th and Priyanka is studying in class 5th. Payal is now in 10th class and she lives at home with us. My children have been living in Rainbow Home for 5-6 years and they love living here. They didn't face any kind of problem in Rainbow Home. They are very well taken care of. They get proper healthy food regularly which we could not provide at home. A lot of attention is given to studies at Rainbow Home. Along with studies, children are also given skill development courses and they have other classes to enhance learning. Children also get a chance to participate in sports. Health of children is also taken care of. Medical camps are also organized from time to time. There are also counseling sessions for children. Children are also sent home during holidays. We do not want our children to become like us. We want our children to get proper education and do good jobs. My husband Ganga Paswan rides a cycle rickshaw. He barely earns 200-300 rupees a day and, sometimes they are not able to earn even that much. Due to this running a household becomes very difficult. Rainbow Home provides us with ration and some other useful items like sanitary pads every three months. I felt very relieved after sending my kids to the Rainbow Home. In these times, good education is very important, hence I want my children to study well and grow big.

**Geeta Paswan,**
**36 yrs, Mother, Sealdah Rainbow Home**



**Nisha Mumrmu,**
**Loreto Rainbow Home, Elliot Road**

# बच्चे पढ़ें और आगे बढ़ें

हम सोवाबाजार, अहिरिटोला, कोलकाता रेलवे कॉलोनी में झुग्गी में रहते हैं । मेरे छह बच्चे हैं- पायल 17 साल, अजय 15 साल, पिया 13 साल, प्रियंका 11 साल, विजय 9 साल और रोशनी 5 साल। मेरी तीनों बड़ी बेटियां रेनबो होम में रहती थी। अब दो लड़कियां रेनबो होम में हैं- पिया 7वीं में और प्रियंकां 5वीं में। पायल अब 10वीं में है और वह हमारे साथ घर पर रहती है। मेरे बच्चे रेनबो होम में 5-6 साल से रह रहे हैं। उन्हें होम में रहना अच्छा लगता है। होम में उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होती। उनका बहुत अच्छे से ध्यान रखा जाता है। समय पर खाना मिलता है जो हम घर पर नहीं दे पाते थे। होम में पढ़ाई पर बहुत ध्यान दिया जाता है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ कई और बातों की भी जानकारी दी जाती है। बच्चों को खेल में भी हिस्सा लेने का मौका मिलता है। उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जाता है। समय-समय पर होम में मेडिकल कैंप भी लगते हैं। बच्चों की काउंसलिंग भी होती है। हमें भी बच्चों से मिलने के लिए कभी मना नहीं किया जाता। छुट्टियों में बच्चों को घर भी भेजा जाता है। हम चाहते हैं कि बच्चे पढ़-लिखकर अच्छी नौकरी करें। मेरे पति गंगा पासवान रिक्शा चलाते हैं। दिन का 200-300 रुपये ही कमा पाते हैं। कभी-कभार तो इतना भी नही कमा पाते, जिस वजह से घर चलाने में भी बहुत कठिनाई होती है। लेकिन रेनबो होम की तरफ से हमे हर तीन महीने में राशन और कुछ अन्य सामान जैसे सैनिटरी पैड भी दिए जाते हैं। मुझे अपने बच्चों को होम में भेज कर बहुत तसल्ली मिली। आज के समय में पढ़ाई का महत्व बहुत ज्यादा है इसलिए मैं चाहती हूं कि मेरे बच्चे अच्छा पढ़ें और आगे बढ़ें।

**गीता पासवान,** 36 वर्ष, मां, सियालदाह रेनबो होम

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథి • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

## People Who Matter: Pune



# पूरे समुदाय का भविष्य बदला लर्निंग सेंटर ने

मैं बिराजदार बस्ती, हडपसर, पुणे में रहने वाली चार बच्चों की मां हूं। मैंने अपने बच्चों के जीवन में एक अविश्वसनीय परिवर्तन देखा है जब से उन्होंने रेनबो होम कम्युनिटी केयर एंड लर्निंग सेंटर (आरसीसीएलसी) में जाना शुरू किया है। मेरी तीन बेटियाँ और एक बेटा, हमारी बस्ती के कई अन्य बच्चों के साथ, स्कूल छोड़ चुके थे, और अपना पूरा दिन नहर के किनारे भटकते हुए बिताते थे। हालाँकि, लर्निंग सेंटर की स्थापना के साथ, हमारे समुदाय में एक सकारात्मक बदलाव आया है। अब, वे नियमित रूप से शिक्षण केंद्र में जाते हैं और पूरी तरह से अपनी शिक्षा में व्यस्त रहते हैं। प्रभाव से प्रेरित होकर, मैंने सामुदायिक बाल संरक्षण समिति में शामिल होने का फैसला किया, जिसे रेनबो कम्युनिटी केयर एंड लर्निंग सेंटर के मार्गदर्शन से शुरू किया गया था। शुरुआत में, मैं अपनी भूमिका को लेकर अनिश्चित थी, लेकिन मुझे जल्द ही माता-पिता और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके बीच खुले संबंधों को बढ़ावा देने के महत्व का एहसास हुआ। इस समिति के प्रयासों और रेनबो फाउंडेशन के अमूल्य कार्यों के माध्यम से, हमारा समुदाय जागरूकता और ज्ञान प्राप्त कर रहा है, जिससे हमारे बच्चों के लिए एक उज्जवल और अधिक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो रहा है। मैं हमारी झुग्गी के बच्चों और अभिभावकों के उत्थान के लिए संगठन के अटूट समर्पण के लिए आभार व्यक्त करती हूँ। रेनबो कम्युनिटी केयर एंड लर्निंग सेंटर ने वास्तव में न केवल मेरे परिवार के जीवन में बल्कि पूरे समुदाय के भविष्य में बदलाव लाया है।

**लक्ष्मी राजू पवार,**
हडपसर आरसीसीएलसी सीबीसी कार्यक्रम, रेनबो होम्स, पुणे

# Changed the future of entire community

I am a mother of four living in Birajdar Vasti, Hadapsar, Pune. I have witnessed an incredible transformation in my children's lives ever since they started attending the Rainbow Home Community Care and Learning Centre (RC-CLC). My three daughters and a son, along with many other kids from our basti, used to skip school, spending their days wandering the canal banks. However, with the establishment of the Learning Center, a positive change has swept through our community. Now, they attend the learning center regularly, fully engaged in their education. Inspired by the impact, I decided to join the Community Child Protection Committee, which was initiated with the guidance of the Rainbow Community Care and Learning Centre.

our community is gaining awareness and knowledge, ensuring a brighter and more secure future for our children.

In the beginning, I was unsure of my role, but I quickly realized the significance of nurturing open relationships between parents and children to ensure their safety. Through the tireless efforts of this committee and the invaluable work of the Rainbow Foundation, our community is gaining awareness and knowledge, ensuring a brighter and more secure future for our children. I cannot express enough gratitude for the organization's unwavering dedication to uplifting the children and parents of our slum. The Rainbow Community Care and Learning Center has truly made a difference, not only in my family's life but in the entire community's future.

**Lakshmi Raju Pawar,**
**Hadapsar RCCIC Parents CBC Program,**
**Rainbow Homes, Pune**

## Prayer प्रार्थना ప్రార్థన

God!
Thank you for this beautiful life as part of creation!

WE believe, we wish, to live in friendship and mutual respect with head held high, in courage and self confidence.


We believe, we wish that all human beings, whether men or women, live in equality, and in happiness, whatever their colour, caste, class, religion, region, language or abilities.

We believe that, we wish to strongly oppose divisive forces and ideologies that spread hatred and divide us and support democratic and non-violent actions for justice, humanity, truth and peace, taking injustice done to others as inflicted on us.

WE believe in, we wish to contribute our mite towards, the building of more humane and free world, in good health and joyful learning and spreading knowledge.

God!

We believe in, and wish to join our tiny hands with the multitude of the people in this ages-old divine journey of love.



**ईश्वर अल्लाह**

**हमारी ये दुआ है कि इस दुनिया में कोई भी बच्चा ना हो जिसे भोजन प्यार सुरक्षा और शिक्षा न मिले और यह भी प्रार्थना हैं कि हम अपने आस पास सबकी जिंदगी में खुशी की रोशनी भर दे।**

ಈಶ್ವರ ಅಲ್ಲಾ ಜೀಸಸ್
ನಿಮ್ಮಲ್ಲಿ ನಮ್ಮೆಲ್ಲರ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ಈ ಜಗತ್ತಿನಲ್ಲಿ ಯಾವುದೇ ಮಗು
ಆಹಾರ ಪ್ರೀತಿ, ಸುರಕ್ಷತೆ ಮತ್ತು
ಶಿಕ್ಷಣದಿಂದ ವಂಚಿತರಾಗದಿರಲಿ
ಇದು ನಮ್ಮ ಪ್ರಾರ್ಥನೆ
ನಮ್ಮ ಹಾಗೂ ನಮ್ಮ ಸುತ್ತಮುತ್ತಲಿನ
ಎಲ್ಲರ ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಸಂತೋಷ
ಹಾಗೂ ಪ್ರೀತಿಯನ್ನು ಕರುಣಿಸಿ.

RAINBOW SATHI • रेनबो साथी • రెయిన్‌బో సాథీ • ரெயின்போ சாத்தி • ರೈನ್‌ಬೋ ಸಾಥಿ • রেইনবো সাথী

# NEWSLETTER OF RAINBOW HOMES

(for private circulation only)




## OPEN HEARTS, OPEN GATES

Rainbow Homes Program - ARUN works with Rainbow Homes (For girls) and Sneh Ghar (For boys) to empower children formerly on the streets to reclaim their childhood by providing Comprehensive Care Food, Shelter, Health and Education.

Rainbow Homes EMBRACE. EDUCATE. ENABLE.

**RAINBOW HOMES PROGRAM**

**Association for Rural and Urban Needy**
Rainbow Foundation India, National Secretariat, Vijaya Lakshmi Avenue
H.No.1-3-183/40/21/53, Flat no. 2 & 3, Road no. 5, P&T Colony, Gandhinagar, Hyderabad - 500080